एशियाई पाम ऑयल गठबंधन

एशिया के पाँच प्रमुख पाम ऑयल आयातक देश **भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश** और **नेपाल** के शीर्ष खाद्य तेल उद्योग संघों ने **एशियाई पाम ऑयल गठबंधन (Asian Palm Oil Alliance-APOA)** के निर्माण के लिये सहमति व्यक्त की हैं।

- APOA ने अपनी पहली आम सभा की बैठक, भारत (अगरा) में हो रहे **ग्लोबोइल शिखर सम्मेलन (Globoil Summit)** के इतर आयोजित की और इसकी अगली बैठक वर्ष 2023 की शुरुआत में **इंडोनेशिया** में आयोजित होने की संभावना है।
- **ग्लोबोइल शिखर सम्मेलन** विश्व के अग्रणी खाद्य तेल और कृषि व्यापार सम्मेलन, प्रदर्शनियों एवं पुरस्कारों में से एक है।
    - वर्ष 2022 ग्लोबोइल इंडिया के **25वें वर्ष का उत्सव** भी है।

एशियाई पाम ऑयल गठबंधन (APOA):

- APOA का उद्देश्य पाम ऑयल का उपभोग करने वाले देशों के **आर्थिक और व्यावसायिक हितों** की रक्षा करना और सदस्य देशों में **पाम ऑयल की खपत को बढ़ावा** देना है।
- गठबंधन यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगा कि **पाम ऑयल को उच्च गुणवत्ता वाले वहनीय और स्वस्थ वनस्पति खाद्य तेल के रूप** में मान्यता दी जाए तथा पाम ऑयल के बारे में व्याप्त नकारात्मक धारणा को बदला जाए।
- APOA की सदस्यता का और विस्तार किया जाएगा ताकि पूरे महाद्वीप में **पाम ऑयल के उत्पादन या शोधन से जुड़ी कंपनियों या औधोगिक निकायों** को शामिल किया जा सके।

पाम ऑयल:

- पाम ऑयल वर्तमान में वैश्विक स्तर पर **सबसे अधिक खपत वाला वनस्पति तेल** है।
- इसका उपयोग **डिटर्जेंट, प्लास्टिक, सौंदर्य प्रसाधन और जैव ईंधन** के उत्पादन में बड़े पैमाने पर किया जाता है।
- इंडोनेशिया और मलेशिया मिलकर वैश्विक पाम ऑयल **उत्पादन में लगभग 90% का** योगदान देते हैं, जिसमें इंडोनेशिया ने वर्ष 2021 में 45 मिलियन टन से अधिक की सबसे बड़ी मात्रा का उत्पादन किया।
- इसके शीर्ष उपभोक्ता भारत, चीन और यूरोपीय संघ (EU) हैं।
- भारत का खाद्य तेल का वार्षिक आयात लगभग **13-14 मिलियन टन (MT)** है।
- लगभग 8 मीट्रिक टन पाम ऑयल **इंडोनेशिया और मलेशिया** से आयात किया जाता है, जबकि अन्य तेल, जैसे- सोया और सूरजमुखी का आयात अर्जेंटीना, ब्राज़ील, यूक्रेन तथा रूस से किया जाता है।
    - **पाम** ऑयल **की वैश्विक खपत का लगभग 40% हिस्सा एशिया** में होता है जबकि यूरोप में पाम ऑयल के व्यापार का 12% हिस्सा है। इंडोनेशिया और मलेशिया दुनिया के सबसे बड़े पाम ऑयल निर्यातक हैं
- भारत, **एशिया में पाम ऑयल का सबसे बड़ा आयातक है** , जो वैश्विक आयात का 15% हिस्सा है, इसके बाद चीन (9%), पाकिस्तान (4%) और बांग्लादेश (2%) का स्थान है।

प्रश्न. 'पाम ऑयल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. पाम ऑयल का पेड़ मूलतः दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है।
2. पाम ऑयल कुछ उद्योगों के लिये कच्चा माल है जैसे- लिपस्टिक और परफ्यूम का निर्माण।
3. पाम ऑयल का उपयोग बायोडीज़ल के उत्पादन के लिये किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (b)

स्रोत: फाइनेंसियल एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-palm-oil-alliance